## युवक ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना अंतर्गत सलईडीह गांव में एक युवक ने जहर (सल्फास) खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर 11:30 बजे सलईडीह इंदरवा में अरुण यादव (उम्र 30 वर्ष, पिता बाबूलाल यादव) ने घरेलू विवाद को लेकर बाजार से जहर लाकर खा लिया। जब उसकी स्थिति गम्भीर होने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर मे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बोरसी तापने के दौरान महिला झुलसी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत खांडी मे बोरसी तापने के दौरान एक महिला झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला की पहचान मालती देवी (उम्र 40 वर्ष, पति रामेश्वर यादव, ग्राम खांडी) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह अपने घर में ठंड लगने को लेकर बोरसी ताप रही थी। इसी दौरान अचानक कपड़े में आग लगने से महिला झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी पाकर परिजन ग्रामीण की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाए जहां डॉक्टर द्वारा इलाज चल रहा है।

## मरकच्चो में खेलो झारखंड प्रतियोगिता



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के खेल मैदान में खेलो झारखण्ड प्रतियोगिता 2022-23 का आयोजन प्रखण्ड संसाधान केंद्र, मरकच्चो के द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद की देखरेख में मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रखण्ड प्रमुख विजय कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मरकच्चो पप्पु रज्जक एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात सामुहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम आरम्भ किया गया। कार्यक्रम में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, कराटे, हॉकी, फुटबॉल प्रतियोगिता कराया गया।बिभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी बबिता कुमारी, प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक आनंद शेखर, कर्मी संतोष कुमार, सत्य प्रकाश, शाहबाज आलम शाहीन, चंदन कुमार, बिरेन्द्र यादव, विकाश कुमार के साथ मनोज ठाकुर, नागेश्वर ठाकुर, साकिब महमूद, क्षमावती कुमारी, रंजू के साथ दर्जनों शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गगन कुमार एवं संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

## तीन बिरहोर परिवारों का हुआ गृह प्रवेश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कोडरमा रोशमा डुंगडुंग द्वारा मंगलवार को लोकाई स्थित तीन बिरहोर परिवारों का प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण आवास का गृह प्रवेश कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी ने करीब 60 परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया।

## केंद्र की नीतियों से गरीबी बढ़ी : प्रकाश

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की जीबी बैठक मंगलवार को सांस्कृतिक भवन जयनगर में जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गई। विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया जिसे सबों ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक में पार्टी नेता एवं अंचल कमेटी सदस्य मथुरा रजक के निधन पर 2 मिनट मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदाओ का अकूत भंडारण होने के कारण पूंजी पतियों की नजर यहां की खनिज पर गिद्ध दृष्टि लगी हुई है इसलिए पूर्व की रघुवर सरकार ने खनिजों की लूट के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों से मिलकर कई कॉल ब्लॉक की नीलामी की थी जितने कोल ब्लॉक के समझौते हुए हैं वह सभी कॉल ब्लॉक धरती पर उतर जाए राज्य के 3.5 करोड़ आबादी मे एक करोड़ से अधिक लोग विस्थापित होंगे। लेकिन सरकार भाजपाइयों की रही हो या झारखंड मुक्ति मोर्चा की, अभी तक विस्थापन आयोग का गठन नहीं हुआ और ना ही विस्थापन नीति बनी। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश कंगाली की ओर जा रहा है। देश के लोगों की क्रय क्षमता समाप्त हो गई है, इसलिए धीरे-धीरे बाजार में खरीद बिक्री की रौनक घटती जा रही है तो दूसरी तरफ मुट्ठी भर लोगों के पास अकूत संपत्ति का भंडारण हो रहा है। केंद्र सरकार एक तरफ अडानी अंबानी सहित बड़े-बड़े उद्योगपति के बैंकों के कर्ज को माफ कर रही है तो दूसरी तरफ देश के किसान छात्र नौजवान आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पूरे देश के अंदर धर्मनिरपेक्ष दलों को एकजुट कर वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हटाने के लिए लोगों को एकजुट होने की अपील की है। भाकपा जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि कोडरमा जिले में अनुदानित दर पर गेहूं सरसों एवं चना मिल रहा है, वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है।

## प्रबंधन समिति की बैठक, विद्यालय के रखरखाव एवं खर्च पर चर्चा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह के सभाकक्ष में प्रबंधन समिति की बैठक महेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विद्यालय विकास कोष की राशि को विद्यालय का रखरखाव एवं खर्च पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि पेयजल की समस्या है, जो समरसेबल खराब है उनका मरम्मति किया जाए। साथ ही उच्च विद्यालय के नए भवन में खुला दरवाजा है जिस पर गेट आवश्यक रूप से लगाया जाए, ताकि विद्यालय का सामान सुरक्षित रह सके। शेष रुपया का उपयोग विद्यालय एवं चारदीवारी का रंग रोगन पर खर्च करने का निर्णय लिया गया। विद्यालय के बच्चों प्रथम वर्ग एव द्वितीय वर्ग के ड्रेस खरीदने की सहमति दी गई। तथा विद्यालय के कीड़ा कोष में 20 हजार से खेल सामग्री खरीदने का प्रस्ताव लिया गया। क्रय समिति का गठन किया गया उसमें महेश शर्मा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सहायक अध्यापक राजेश कुमार राणा एवं प्रबंधन समिति के सदस्य किशुन मोदी के द्वारा खेल सामग्री निर्धारित मापदंड के द्वारा खरीदा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य केदार नाथ यादव, मुखिया गणपत यादव, पंचायत समिति सदस्य धनेश्वर राणा, उप मुखिया चंदन बरनवाल, विद्यालय सचिव प्रदीप कुमार यादव, पंकज कुमार, सहायक अध्यापक सुरेंद्र शर्मा, रामस्वरूप यादव, सहायक शिक्षक शक्ति कुमार दास एवं प्रबंधन समिति सदस्य सरिता देवी, अनीता देवी, संयोजिका बेबी देवी, सुमिता देवी, गायत्री देवी, पार्वती देवी उपस्थित थे।

## काली मंदिर महिला मंडल का वार्षिकोत्सव पर निकाली गयी शोभायात्रा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तीन दिवसीय काली महोत्सव सह काली मंदिर महिला मंडल का वार्षिकोत्सव के पहले दिन मंगलवार को झुमरीतिलैया शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गाजे -बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा सामंतो काली मंदिर से निकलकर रांची पटना रोड झंडा चौक स्टेशन रोड अड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप से होते हुए पुनः वापस काली मंदिर पहुंचा। शोभा यात्रा में महिला मंडल की दर्जनों महिलाओं ने विभिन्न देवी-देवताओं पर आधारित भजनों पर नाचते झूमते चल रहे थे। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को सुबह 11 बजे से देर शाम 7 बजे तक महिला मंडल व बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वही अंतिम दिन गुरुवार को भव्य गजरा के साथ वार्षिक उत्सव का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महिला मंडल के अध्यक्ष सचिव के अलावा सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# भूतपूर्व विधायक की मनी 13वीं पुण्यतिथि

### शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अन्नपूर्णा देवी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के पिता एंव बरकट्ठा भूतपूर्व विधायक स्व चितरंजन यादव का 13वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव चटकरी में मनाई गई। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जेपी पटेल,पूर्व विधायक बरही मनोज यादव, पूर्व विधायक बगोदर नागेन्द्र महतो एवं उनके पुत्र विधायक अमित कुमार यादव, जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री बालमुकुंद सहाय, उपस्थित थे। मौके पर पूर्व विधायक स्व चितरंजन यादव के आदमकद प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा माला एंव पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि चितरंजन यादव भाजपा के सच्चे सपूत थे। उनकी कमी की भरपाई नहीं किया जा सकता। मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णां देवी ने कहा कि चितरंजन यादव बहुत ही तेजस्वी एवं समाजसेवी नेता थे। वे हमेशा झारखंड विधानसभा में गरीबों की आवाज उठाते रहे। मौके पर जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता, जिला नगर परिषद अध्यक्ष रौशनी तिर्की, जीप सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, जीप सदस्य छोटे लाल यादव, बिन्दु सोनी,रवि यादव, मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, टिंकू प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अभिभावकों की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अभिभावकों की एक बैठक बुलाई गई जिसमें शत प्रतिशत अभिभावक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से किया गयो बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति, लर्निंग को गैप को को कम करना, बच्चों के सीखने की प्रगति पर चर्चा करना, व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी देना और विद्यालय के विकास में माता-पिता का सहयोग होना अति आवश्यक है। सभी अभिभावक को यह बताया गया कि अनावश्यक छुट्टी के लिए विद्यालय में दबाव ना बनाएं। वार्डेन नेहा कुमारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में निरंतर विकास के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। मुखिया मोती लाल चौधरी ने संबोधन करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति में अभिभावक अपना सहयोग दें। बच्चों और अभिभावकों के बीच मनोरंजक खेल का भी आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी शिक्षकों के द्वारा अपने कक्षा के विद्यार्थियों का शैक्षणिक प्रगति की जानकारी दी गयी। इस बैठक में वार्डन नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा, मोती लाल चौधरी, सुषमा टोप्पो, अविनाश गौतम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, पिंकी कुमारी, संयुक्ता सिंह, पूनम कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष गीता देवी, एस एम सी सदस्य जावेद आलम, प्रभाकर पाठक, सविता देवी, शीतल हांसदा, सिकंदर यादव, सुरेंद्र यादव, बाल संसद की बच्चियां, रात्रि प्रहरी गणेश कुमार, पिंटू प्रजापति, सुरक्षा गार्ड रुकमणी कुमारी, संजू कुमारी समेत सैंकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

## चोर उड़ा ले गया सिरमा पंचायत भवन से सोलर व बैटरी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के सिरमा पंचायत में अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन से सोलर प्लेट एवं 16पीस बैटरी उड़ा ले गए। इसकी जानकारी तब हुई जब दिनांक 22 नवंबर दिन मंगलवार को मुखिया इस्मत आरा एवं पंचायत सेवा पंकज कुमार गुप्ता ने पंचायत भवन पहुंचे तब पता चला कि 16 पीस बैटरी व सोलर चोरी कर ले गया।इस संबध में मुखिया इस्मत आरा व पंचायत सेवक पंकज गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर खोजबीन के लिए गुहार लगाई है।

## बड़कागांव के सड़कों में बालू गिरे रहने से हो रही है सड़क दुर्घटनाएं

▶▶ नियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर ली जाएगी संज्ञान : अशोक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न मुख्य सड़कों में बालू गिरे रहने के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़कों पर बालू का कारोबार करने वाले ट्रैक्टरों ,टर्बो, हाइवा द्वारा ओवर लोडिंग कर बालू घाट एवं डंपिंग यार्ड से हजारीबाग ले जाया जाता है।बालू उठाने वाले वाहनों के द्वारा पर्यावरण के नियमों का पालन नहीं किया जाता है। बिना त्रिपाल ढंके बालू को ढोया जा रहा है ।बालू ले जाने वाले वाहनों से सड़कों में बालू गिरते जाता है।इस कारण तलसवार,नया टाँड़, बिश्रामपुर, साँढ़, बड़कागांव हजारीबाग की सड़कों में बालू गिरा रहता है।सड़कों में बालू रहने के कारण मोटरसाइकिल चालक फिसल कर गिर जा रहे है। इसके साथ-साथ वहीं बालू डस्ट बंद कर उड़ते रहता है जिससे आसपास के ग्रामीणों के घरों व दुकानों में पहुंच जाता है। इस संबंध में दूरभाष के माध्यम से प्रदूषण विभाग के आर ओ अशोक कुमार यादव ने बताया कि वाहनों में त्रिपाल ढंक कर ढुलाई करनी है।जिससे पर्यावरण पर कोई खतरा ना हो ।उन्होंने कहा कि बड़कागांव तथा आसपास के क्षेत्र में ओवर लोडिंग एवं बिना त्रिपाल के बालू कारोबार करने वाले वाहनों को संज्ञान ली जाएगी।

## बरकाकाना ओपी प्रभारी के खिलाफ आदिवासी छात्र संघ ने खोला मोर्चा



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** आदिवासी छात्र संघ झारखंड के महासचिव शिवराम कच्छप ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि विधायक चमरा लिंडा के आवास व उनकी उपस्थिति में आदिवासी छात्र संघ की बैठक संपन्न हुई, जिसमें रामगढ़ जिले के आदिवासी छात्र संघ के उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली व अन्य आदिवासी समाज के साथ बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया,जिससे पूरा संगठन आहत है। बैठक में जानकारी दिया गया कि एक सप्ताह पूर्व इस घटना की जानकारी जिला के वरीय पदाधिकारी को लिखित रूप से शिकायत दर्ज किया गया, परंतु किसी भी तरह का कोई विभागीय कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। बैठक में संगठन में इस घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए यह निर्णय लिया गया कि थाना प्रभारी पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन पूरे राज्य में उग्र आंदोलन करेगा।बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष जातरू ओरांव, उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली, प्रकाश, करमाली, देवेंद्र तिर्की, विष्णु ओरांव, विजय ओरांव, राजकुमार मुंडा, मिट्ठू मुंडा, बेचन ओरांव, विजय बहादुर लोहरा, छोटू करमाली, भरत करमाली, विजय मुंडा, संजीव ओरांव, संतोष मुंडा सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी ने किया। बैठक में बीडीओ रिंकू कुमारी, सीओ मनोज महथा, उपप्रमुख सतेंद्र कुमार, गोबरबंदा मुखिया रंजीत मेहता, दाढ़ा मुखिया सुनीता देवी, थाना प्रभारी धनंजय सिंह, सीडीपीओ नीलू रानी, एमओ विद्याभूषण कुमार, बिएओ बिनोद कुमार, बीपीओ मनरेगा राजीव आनंद, विधुत जेई अमित कुमार समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में सावित्री फुले योजना के तहत लाभ के लिए 18-19 आयु की किशोरी का आवेदन लेने, पीएम किसान के लाभुक को ई केवाईसी करवाने, बिजली विभाग किसानो को खेत के सिचाई के लिए मीटर लगाने, संपूर्ण प्रखंड मे जुआ और शराब पर रोक लगाने और इचाक सीएचसी मे रात्रि डॉक्टर की ड्यूटी लगाने के लिए चिकित्सा पदाधिकारीको निदेशित किया। बैठक का संचालन बिएओ बिनोद कुमार रवि ने किया।

## एनटीपीसी ने सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाया




**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना की स्वयं सेवी संस्था संस्कृति महिला समिति द्वारा प्रखंड के बसरिया गाँव के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रख सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई गई है इस अवसर पर उपस्थित संस्कृति महिला समिति की अध्यक्षा तयजीन फैज ने सभी छात्राओं को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन के उपयोग बारे में बताते हुए कहा की ये मशीन स्वास्थ्य समस्याओं से निजात दिलाने में काफी कारगर साबित होंगी। इसके साथ ही छात्राओं को पढ़ाई छोड़ने के लिए भी मजबूर नहीं होना पड़ेगा,अब उन्हें सेनेटरी पैड के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। ये सुविधा छात्राओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। अब विद्यालय में ही वेंडिंग मशीन से 5 रू में सेनेटरी पैड मिल जाएगा। वहीँ केरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक फैज तैय्यब एवं चट्टी बरियातु परियोजना के महाप्रबंधक बी.एम. सिंह के मार्गदर्शन में यह मशीन लगाई गई है साथ ही उपयोग किए गए नैपकिन को नष्ट करने के लिए सेनेटरी पैड इंसीनरेटर मशीन भी लगाई गई है। इसके उपयोग किए जाने से नैपकिन को सुरक्षित तरीके से डिस्पोज किया जा सकेगा। इससे शारीरिक स्वच्छता के साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। एनटीपीसी की इस पहल से विद्यालय की सभी छात्राओं को काफी हर्ष एवं संतोष की अनुभूति हुई है। मौके पर परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक आशिश कुल्लु, जनसंपर्क अधिकारी मुकुल तायल एवं संस्कृति महिला समिति की महासचिव पीयूष राज व स्वाति साहु समेत कई लोग मौजूद थे।

## पत्रकार सागर कुमार मुंबई में हुए सम्मानित



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** समाजसेवा और समाजिक कार्यकर्ता की नई परिभाषा लिख रहे हैं हजारीबाग के पत्रकार सह युवा समाजसेवी सागर कुमार को मुंबई में झारखंडी एकता संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिरसा मुंडा रत्न अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड झारखंड के उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित बगोदर विधायक विनोद सिंह और बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के हाथों हुआ प्राप्त। हजारीबाग के पत्रकार सागर कुमार को यह अवॉर्ड देश दुनिया में विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले 14 अन्य हस्तियों के साथ मिला। सागर कुमार कोरोना काल में लोगों की मदद कर युवा समाजसेवी के रूप में उभरे हैं।

## बरका कला पंचायत में जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** बरका कला पंचायत के मुखिया सिकंदर कुमार राम और पंसस रिंकी देवी ने बरका कला, मनाई एवं हंसेल गांव के दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। सिकंदर कुमार राम ने कहा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से हर जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। पंचायत के सभी गांव में ऐसे जरूरतमंदों को चिन्हित कर ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल दिया जा रहा है। यह भी कहा कि आवश्यकता के अनुसार पंचायत में कंबल कम मिला है। आबादी के अनुसार पंचायतों में और कंबल मिलने की जरूरत है। कंबल लेने वालों में छोटी गोप, भुगल गोप, लोकन गोप, मो परवा देवी, मो कांति देवी, छोटन यादव, जिरवा देवी ,मो बसिया, मो भगिया के अलावा कई अन्य लोग शामिल है। मौके पर पूर्व मुखिया झम्मन रजक, पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद मेहता, धीरज रजक, विक्रम प्रजापति, देवव्रत रजक, नंदलाल यादव, राजू यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## नवनिर्वाचित जदयू जिला अध्यक्ष का स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा का अल्पसंख्यक समुदाय के द्वारा जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता यासीन अंसारी के नेतृत्व में खिरगांव चौक पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, राकेश गुप्ता, राकेश ठाकुर, गुलशन राज, शमीम अख्तर, मोहम्मद शाहिद इकबाल, मुख्तार अहमद, मोहम्मद अशरफ, बबल, एन उल हक, अख्तर खान, गुलबाग खान, राजेंद्र साहू, बबलू अंसारी, मधुर खान, लाल खान आदि उपस्थित थे।

## ज्ञानोदय विकास स्कूल में कल लगेगा आर्ट एंड क्राफ्ट मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव ज्ञानोदय विकास स्कूल, बड़कागांव कल गुरुवार 24 नवंबर को विज्ञान प्रदर्शनी सह आर्ट मेला लगाया जाएगा। जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। मीडिया को जानकारी देते हुए विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने बताया की विज्ञान विषय को आमजन तक पहुंचाने तथा इसके दैनिक जीवन में उपयोग पर प्रकाश डालने की दृष्टि से विद्यालय में विज्ञान मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जीवन के प्रत्येक क्षण को स्पर्श करने वाले विषय विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि जागृत हो तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित हो सके। विद्यालय के प्राचार्य रियासत हसन ने बताया कि बच्चों के द्वारा लगाए जाने वाला प्रदर्शनी विद्यार्थियों के अंदर छुपे अच्छे गुणों को बाहर निकालने का प्रयास है। इस तरह के आयोजित कार्यक्रम से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है तथा मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। लगभग 200 से ज्यादा विद्यालय के बच्चे अपनी कला दिखाएंगे। जिसमे सीमेंट के खिलौने, लकड़ी की कलाकृतियां, पेंटिंग, पेपर आर्ट, गुल्लक, झूमर, फोटो फ्रेम, दर्पण, वॉल हैंगर, पेन स्टैंड, गुलदस्ता, जैसी कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। वही विज्ञान प्रदर्शनी में हाइड्रोलिक पावर प्लांट, लाईफाई, इलेक्ट्रिक घंटी, ज्वालामुखी, रोबोट, जेसीबी, सोलर लूनर एक्लिप्स, पर्यावरण जैसे मॉडल प्रस्तुत करेंगे साथ ही फूड आइटम्स के भी स्टॉल विद्यार्थियों के द्वारा लगाए जाएंगे।

## नये इंस्पेक्टर नीरज सिंह को अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बड़कागांव के नए सर्किल इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह को पदभार ग्रहण करने पर थाना परिसर पहुंचकर अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया । इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि बड़कागांव में अपराध पर अंकुश लगाना ही हमारा मकसद है। बहुत जल्द ही बड़कागांव ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक कर बड़कागांव की सड़क जाम सहित अन्य समस्याओं से निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह 1994 बैच के दरोगा हैं। हजारीबाग सदर से लेकर अब तक कई थानों में अपना योगदान दे रखे हैं। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि बड़कागांव की शांति व्यवस्था बनाने में आपका मदद करूंगा ।मौके पर जेएसआई अजीत सिंह,समाजसेवी रवि राम, संजय सिंह, साबिर हुसैन, गुड्डू राम, विशाल ठाकुर, गोपाल महतो उपस्थित थे।

## कंपनी डंपिंग करने से पहले रैयतों से वार्ता करे : यासमीन निशा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने चुरचू कब्रिस्तान का जायजा लिया। यासमीन निशा को भुरायतों ने बताया कि कंपनी द्वारा जबरन लोगों को जमीन को ओने पौने दाम देकर जमीन पर कब्जा जमा रही हैं।साथ ही साथ लोगों का धरोहर को भी हमेशा के लिए मिटाता जा रहा है।त्रिवेणी सैनिक चोरों की तरह रात में जबरन जहां जब चाहे वहा डंप कर देता है।जो पूरी तरह से कंपनी गलत कर रही है।जिप सदस्य यासमीन निशाने पत्रकारों को बताया कि जब कभी श्मशान कब्रिस्तान कर्बला या कोई भी धार्मिक स्थल को कंपनी डंपिंग करती है।उससे पहले वहां की जनता को बैठक करवा कर समझौता के तहत होता है, तो ज्यादा अच्छा होता।लेकिन कंपनी लोगों को नजरअंदाज करते हुए मनमानी ढंग से काम कर रही है।जो पूरी तरह से गलत है।साथ ही साथ कंपनी लोगों को जो विस्थापित कर रही है, उसका कोई भी रूपरेखा तैयार नहीं है।कंपनी एक ही जगह में अलग-अलग विस्थापन नीति बनाती है। जो उसका अपना विस्थापन नीति है इसका कानून में कहीं जिक्र नहीं है।लोग कभी भी बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।मौके पर मोहम्मद अनवर, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद मुनव्वर, मोहम्मद टिंकू, का प्रयास किया जा रहा है मोहम्मद जुल्फिकार, सदर मोहम्मद अलवर, अख्तरी शर्मिला, फारुख रजाक,मो नियामत, मोहम्मद रफी मोहम्मद अनवर शामिल थे।

## 26 को शांति सेवा सदन में निसंतान दंपति निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव हजारीबाग पथ स्थित शांति सेवा सदन परिसर में 26 नवंबर को निसंतान दंपति परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर अवेटा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बूटी मोर रांची के तत्वधान में डॉ पुष्पा श्री पुरुषोत्तम की टीम द्वारा लगाई जाएगी उक्त आशय की जानकारी देते हुए शांति सेवा के मालिक सुरेंद्र सोनी ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

# डेली मार्केट सब्जी मंडी के किसानों ने सीएम से न्याय को लेकर लगायी गुहार, लिखा पत्र

## 1932 से पूर्व, पूर्वज बेचते आ रहे हैं सब्जी, छावनी परिषद कर रही है अन्याय : किसान

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डेली मार्केट सब्जी मंडी के किसानों ने मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिख कर न्याय की गुहार लगायी है। पत्र में कहा है कि डेली मार्केट सब्जी मंडी रामगढ़ में स्थानीय मूल खतियानी रैयत झारखंड निवासियों को हटाकर बाहरी लोगों को छावनी परिषद बैठाना चाहती है। 1932 ई के खतियानी के अनुसार हम लोग झारखंड का स्थानीय मूल निवासी है। कैंट बोर्ड के स्थापना से पहले से ही हमारे पूर्वजों के द्वारा सब्जी बिक्री करके अपना जीविका पार्जन चलाते आ रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि 21 नवंबर को समय करीब 11 बजे अचानक बिना कोई सूचना के छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी एमएस हरीविजय, ओम प्रकाश चौहान, गया प्रसाद, एस एन राव, अनिल राम, राजू, नव रंजन राम, छावनी परिषद रामगढ़ के कर्मचारियों जेसीबी मशीन और अज्ञात असामाजिक तत्वों के लगभग 50-60 लोग बिना किसी जानकारी के बिना किसी से कुछ पूछे सब्जी मंडी में दुकान को तोड़ फोड़ करके गिराने लगे, इस पर वहां मौजूद दुकानदारों के मना करने पर दुकानदारों को मारपीट करने लगे और सब्जी, गल्ले में रखे नगद रुपए लूट लिया। इस दौरान सब्जी मंडी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिससे हम दुकानदारों को काफी चोटें आई और लाखों रुपए का लूटपाट करके छतिग्रस्त पहुंचाया गया। जबकि पूर्व में मुख्य अधिशासी अधिकारी के द्वारा डेली मार्केट रामगढ़ के किसानों पर मारपीट किया गया है और किसानों के विरुद्ध उल्टा झूठा मुकदमा दर्ज कराकर फंसा दिया गया है।



### एसपी को भी किसानों ने लिखा पत्र

पूरे मामले को लेकर डेली मार्केट सब्जी मंडी के किसानों ने एसपी को भी एक पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि जब मामला न्यायालय में लंबित है तो छावनी परिषद के द्वारा इस तरह का दुर्व्यवहार किया जाना सही नहीं है। किसानों ने इस ओर उचित कार्रवाई करने को लेकर न्याय की गुहार लगाया है।

### पत्र में इन लोगों ने किया हस्ताक्षर

रामदेव प्रसाद, बलराम प्रसाद कुशवाहा, घनश्याम महतो, सुभाष कुमार, राजकुमार कुशवाहा, अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा, अमित कुमार, संदीप कुमार, पूरन महतो, भीम महतो, रितु लाल महतो सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### न्यायालय में लंबित है मामला

किसानों ने पत्र में कहा है कि पूर्व की घटनाओं को लेकर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी रामगढ़ में लंबित है। जिसका रामगढ़ थाना कांड संख्या 29/21, 351/21, 112/22 दर्ज है। इसके बाद छावनी परिषद रामगढ़ के द्वारा डेली मार्केट के किसानों को नोटिस मिला। जिसके विरूद्ध में हम लोगों के द्वारा सिविल अपील प्रधान जिला न्यायाधीश रामगढ़ में दाखिल किया गया है, जो छावनी परिषद ने जवाब के लिए समय लिया है। जिसका सिविल अपील नंबर 05/22 एवं 06/22 है।

### सीइओ के निर्देश पर कर्मचारियों और असामाजिक तत्वों ने की मारपीट

पत्र में कहा गया है कि छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी एम एस हरीविजय के निर्देश पर कर्मचारियों एवं असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर दुकानदारों को लाठी डंडे से मारपीट करके जेसीबी मशीन से दुकान तोड़कर दुकानदारों को जान से मारने की नियत से ईंटा, मिट्टी फेकवा दे रहे थे। जिससे कई दुकानदार घायल हो गए हैं। जिसका इलाज चल रहा है। वहीं महिला सब्जी विक्रेताओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़छाड़ किया और धमकी भी दिया गया है कि तुम लोग हमको पहचानते नहीं हो मेरा पावर देखा नहीं है अभी तक, असामाजिक लोगों द्वारा मार कर फेंकवा देंगे, बर्बाद कर देंगे। किसानों ने इस मामले में उचित कार्रवाई करने की कृपा की मांग की है।

## कुंदरिया बांध में बन्द पड़े घर से आभूषण नगदी की चोरी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत कुंदरिया बांध स्थित बंद पड़े आवास में बीती रात चोरों ने नगदी समेत आभूषण की चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी कमलेश प्रसाद पिता तापेश्वर साव ने कुजू पुलिस को आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि धर्मपत्नी संगीता देवी के इलाज के लिए शनिवार को हजारीबाग गया था। इसी बीच चोरों ने घर में लगे चार दरवाजे पर 4 तालो को तोड़ते हुए घर में प्रवेश किया। इस दौरान चोरों द्वारा अलमीरा को क्षतिग्रस्त करते हुए नगदी 16 हजार समेत 60 ग्राम सोना और 500 ग्राम चांदी के आभूषण व अन्य महंगे सामग्री की चोरी कर ली। भुक्तभोगी कमलेश प्रसाद ने बताया कि हमें पड़ोसी द्वारा यह सूचना मिली है। कहा कि पड़ोसी घर में फूल तोड़ने गयी थी। इधर, भुक्तभोगी ने ओपी प्रभारी से कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

## सीसीएल जीएम सचिव को मातृ शोक

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू जीएम के सचिव पवन कुमार सिंह की माता सुनैना देवी(90 वर्ष) पति स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह का अहले सुबह निधन तोपा स्थित आवास पर हो गया। निधन की सूचना के बाद शोकाकुल परिवार से सीसीएल अधिकारी - कर्मचारी, श्रमिक नेता, पत्रकार समेत शुभचिंतक मिलने पहुंचे। साथ ही, शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वही, एकलौते पुत्र पवन कुमार सिंह ने रामगढ़ स्थित दामोदर नदी तट पर अपनी माता सुनैना देवी का अंतिम संस्कार किया। मौके पर सीसीएल कुजू जीएम चंद्रशेखर तिवारी, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक विधान चंद्र सिंह सुधांशु, प्रशांत प्रियदर्शी, संजय सिंह, विवेक कुमार, हेमंत सिंह, एनके सिंह, रंजीत सिंह, अनिरुद्ध प्रसाद, दामोदर सिंह, सुजीत सिंह, रामप्रसाद बेदिया, बाढो कुमार समेत कई अधिकारी कर्मचारी के अलावे श्रमिक नेता मौजूद रहे।

## करमा परियोजना में जनता मजदूर संघ की कमेटी गठित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ की बैठक सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत करमा परियोजना कैंटीन परिसर में हुई। बैठक में मुख्य रूप से वेलफेयर बोर्ड मेंबर सीसीएल रांची के सदस्य सुखदेव प्रसाद शामिल रहे। इस दौरान कई वक्ताओं ने संघ की नीति व सिद्धांतों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। वही, करमा परियोजना के लिए शाखा कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष ललन यादव, उपाध्यक्ष आशू कुमार, सुरेश मांझी, सचिव धनेश्वर महतो, सह सचिव जय नाथ प्रसाद, तरुण कुमार रंजन, कोषाध्यक्ष नरेश महतो, सह कोषाध्यक्ष संदीप कुमार, संगठन मंत्री राजकुमार महतो, सह संगठन मंत्री विदेशी सिंह, परमेश्वर महतो, शुभम कुमार सेठ का मनोनयन किया गया। वही, कार्यकारिणी सदस्य में राजेश महतो, श्रवण कुमार, देवकी महतो, अली मोहम्मद, विनोद महतो, धीरेन टोपो, रामेश्वर महतो, सुरेश महतो, प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, हेमलाल महतो, जगदेव महतो, बादल भोक्ता, नंदलाल मांझी शामिल है। बैठक में दुष्यंत कुमार पटेल, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, राजू महतो, उमेश प्रसाद साव, राजकुमार महतो, वेलफेयर सदस्य नंदकिशोर प्रसाद, शिवचरण करमाली, संतोष कुमार महतो, चमन मुंडा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## सुरक्षाकर्मी इलाजरत, मामला दर्ज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल न्यू कुजू रेलवे साइडिंग में कोयला चुराने आए लोगों का विरोध करना एक सुरक्षाकर्मी को भारी पड़ गया। साथ ही, चोरों ने जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसका इलाज नईसराय अस्पताल में चल रहा है। इस मामले में घायल सुरक्षाकर्मी बलसगरा निवासी राजकिशोर महतो द्वारा दिए गए आवेदन पर कुजू ओपी में मामला दर्ज कर लिया गया है। आवेदन में लिखा है कि गत 20 नवंबर को वे अपने सहकर्मी रमेश कुमार महतो व विकास दुसाध के साथ ड्यूटी पर थे। इस दौरान रात्रि सवा आठ बजे करीब काफी संख्या में लोग साइडिंग कोयला चोरी करने पहुंचे। उन्हें कोयला चोरी से रोकने के क्रम में कैली देवी व कोयला माफिया दूबे ग्रुप के लगभग 25-30 लोग आ धमके। अपने सहकर्मियों का साथ कोयला चोरी का विरोध करने पर उन्होंने डंडे व कुल्हाड़ी से वार कर मुझे घायल कर दिया। जिसमें मुझे सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट आई है। राजकिशोर महतो ने उचित कार्रवाई का आग्रह किया है।

## बिजली विभाग की बैठक संपन्न

कुजू। बिजली विभाग कार्यालय डटमामोड़ में एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुजू कार्यपालक अभियंता आर चौधरी व संचालन सहायक विद्युत अभियंता हरिमोहन चौधरी ने की। बैठक में मौजूद विद्युत कर्मियों व उर्जा मित्रों ने अपनी-अपनी समस्याए रखा। साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा को लेकर प्रत्येक माह घर-घर जाकर बिल निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें कर्मियों व उर्जा मित्रों ने सहमति जताते हुए हर माह बिल उपभोक्ताओं के घर जाकर निकालने की बात कही मौके पर कुजू कनीय विद्युत अभियंता विनोद कच्छप, रांची रोड कंनीय अभियंता पंकज जयसवाल, सूर्य कुमार शर्मा, अरशद अंसारी, सौरभ कुमार मिश्रा, परमेश्वर नोनिया, मनोरंजन पांडेय मौजूद रहे।

## भाजपा का जिला आक्रोश प्रदर्शन 24 नवंबर को



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जिला में 24 नवंबर को आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई है। यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा ने दी। उन्होंने कहा बीते 2019 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने घोषणा पत्र के आधार पर झारखंड में सरकार बनाई। आज उसे पूरा करने में विफल है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस एवं राजद की गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में पुर्णतः डूबा हुआ है। झारखंड की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। भारतीय जनता पार्टी झारखंड के लोगों के साथ है। इसी उद्देश्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला इकाई 24 नवंबर को राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन चतरा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष करेगी। जिसमें पोस्ट ऑफिस चौक से नगर भ्रमण करते हुए उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन की जाएगी। इस मौके पर चतरा सांसद सह प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, पलामू सांसद बीडी राम, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, पूर्व विधायक जयप्रकाश भोक्ता, जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह सहित प्रदेश एवं जिला के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता आक्रोश प्रर्दशन में भाग शिरकत करेंगे।

## आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड की बैठक



**रामगढ़।** आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को न्यू बस स्टैंड स्थित देव कृष्णा गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर यूनियन की मजबूती के लिए आजसू मजदूर यूनियन न्यू बस स्टैंड रामगढ़ की अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल को बनाया गया। साथ ही नीरज मंडल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर नीरज मंडल ने कहा कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, समाजसेवी सुनीता चौधरी, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ आजसू पार्टी ने मुझे अध्यक्ष पद में जिम्मेवारी सौंपी है, मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि आप लोगों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से रिंकू खान, रंजीत जायसवाल, बलराम यादव, मो अनवर खान, किशोर जायसवाल, संजय बनारसी, मो तसलीम, मो अख्तर, दिलीप अग्रवाल शिव प्रसाद सहित सहित कई लोग मौजूद थे।

## अंबा प्रसाद ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव से की मुलाकात



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी बड़कागांव एवं पतरातू में होने वाले उच्चस्तरीय पुलों के निर्माण की आवश्यकता के अनुसार अनुशंसा पत्र सौंपा एवं अधिक से अधिक पुलों के निर्माण की स्वीकृति हेतु मार्ग प्रशस्त करने की बात कही। विभागीय सचिव ने विधायक को आश्वस्त किया कि अधिक से अधिक पुलों का निर्माण नियमानुसार हो उसके लिए संबंधित जिले के पदाधिकारियों को संभाव्यता प्रतिवेदन बनाने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। जिसके बाद इसमें अग्रिम कार्रवाई की जा सकेगी। समस्या समाधान के लिए विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक अनुशंसा पर बड़कागांव केरेडारी एवं पतरातू प्रखंड के कई उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण शुरू है एवं कई की स्वीकृति अंतिम चरण में है परंतु कई ऐसे स्थान जहां पर उच्चस्तरीय पुल का निर्माण नहीं हुआ है उनकी स्वीकृति के लिए उन्होंने विभागीय सचिव से मुलाकात की।

## सौंदा 'डी' मस्जिद कॉलोनी से चार वर्षीय बच्ची गुम



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सौंदा डी मस्जिद कॉलोनी की एक चार वर्षीय बच्ची मंगलवार 12 बजे मधु स्टूडियो के पास से गुम हो गई है। अगवा होने की आशंका पर परिजनों ने भुरकुंडा थाना को सूचना देकर खोजबीन की अपील की है। बताया जाता है कि शब्बीर अहमद की पत्नी आश्मा खातून अपनी चार वर्षीय पुत्री आयत परवीन को लेकर फोटोकॉपी कराने मधु स्टूडियो गई थी। घर वापस लौटने के क्रम में बच्ची कुछ खाने-पीने का सामान खरीदने के लिए जिद करने लगी। काफी मनाने पर भी वह नहीं मानी। गुस्से में बच्ची को छोड़ उसकी मां आगे बढ़ने लगी। उसे लगा बच्ची पीछे पीछे आ जाएगी। कुछ देर बाद पीछे मुड़कर देखने पर बच्ची नजर नहीं आई। वापस उस जगह पहुंचने पर बच्ची नहीं मिली। आसपास खोजबीन करने पर कुछ लोगो ने बताया कि पास में भिखारिन के साथ एक बच्ची को देखा गया है। बच्ची चुपचाप थी इसलिए लोगों को कोई शक नहीं हुआ। मामले को लेकर परिजनों ने थाने में आवेदन दिया गया है।

## डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में कुपोषण उपचार सह पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में कुपोषण उपचार सह पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन की गई। चतरा जिला में चिन्हित कुपोषित चिन्हित बच्चों का सम्पूर्ण ईलाज के लिए डीएमएफटी अन्तर्गत नूट्रिशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट एवं एमआईएस एक्सपर्ट कर्मियों की संविदा आधारित नियुक्ति की गयी। इस योजना के तह्त सम्पूर्ण जिलें में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर बच्चों का सम्पूर्ण ईलाज तथा पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाना है। योजना के सफल क्रियान्यवन के निमित्त नवचयनित नूट्रिशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट कर्मियों को तथा सेविका/सहायिका एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को 05 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में मंगलवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह का आयोजन 26 नवंबर तक लगातार प्रशिक्षण दिया जायेगा। उक्त कार्यक्रम का विधिवत उद्घघाटन जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्याम नंदन सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी एवं डीपीएम, जेएसएलपीएस द्वारा संयुक्त रुप से दिप जलाकर किया गया। उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन कार्यक्रम में जुड़कर कार्यक्रम के उद्देश्य पर परिचर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जिले में मील का पत्थर साबित होगा। जिला प्रशासन डीएमएफटी मद से जिले के सूदूरवर्ती क्षेत्रों में आवासित बच्चों में कुपोषण से ग्रसित बच्चों को चिन्हित करने एवं उनहें सम्पूर्ण स्वस्थ आहार प्रदान करने के निमित्त इस योजना का शुभारंभ किया गया है तथा यह योजना सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर जिला में क्रियान्वयन किया जाना उद्देश्य है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को उपायुक्त ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन पांच दिनों में ध्यान पूर्वक एवं पूरी लग्न से प्रशिक्षण प्राप्त करें।

## हाथियों का झुंड पहुचां लिपियां गांव, दहशत



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के रकुवा पंचायत अंतर्गत अति सुदूरवर्ती गांव लिपिया गांव में बीती रात को 40 हाथियों का झुंड प्रवेश कर गये हैं। साथ ही दर्जनों किसानों के खेत में लगे धान की फसल को जमकर खाते हुए रौंदकर बर्बाद कर दिये हैं। जिससे आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना देते हुए हाथियों को भगाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने चिंता जताते हुए कहा है कि धन कटनी के समय धान को क्षतिग्रस्त करना किसानों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। हाथियों ने उक्त गांव के बालेश्वर महतो, बहादुर महतो, अमृत महतो, मुकेश महतो, फुटेश्वर महतो, सुरजनाथ महतो, हिमिया देवी, बिरसाय महतो, डुभन महतो, बिजय महतो, रामदास महतो, नेहरू महतो, जयनंदन महतो सहित दर्जनों किसानों के धान के फसल को क्षतिग्रस्त किया है। समाचार भेजे जाने तक हाथियों का झुंड हेसापोड़ा पंचायत के परसाडीह जंगल में डेरा डाले हुए हैं। वनकर्मी अनिल कुमार ने बताया कि वन विभाग की टीम हाथियों को क्षेत्र से भगाने के प्रयास में जुटी हुई है।

## पंसस की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता प्रमुख गीता देवी ने किया। इस दौरान सभी सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा।जिसपर बीडीओ संतोष कुमार ने हरसंभव समस्याओं का निराकरण करने की बात कही। वही कई सदस्यों पेयजल की समस्या से समिति को अवगत कराया।वही पंचायत समिति के फंड को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर उपप्रमुख विजय ओझा, पटेल महतो, रेणु देवी,मनोरंजन महतो, बेबी देवी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नप अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने किया अंबडेकर भवन एवं गार्डवाल का उद्घाटन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद क्षेत्र के कोठार में 17 लाख की लागत से बने अंबेडकर भवन एवं कांकेबार में 35 लाख की लागत से कांकेबार पैक्स से तालाब तक गार्डवाल निर्माण, 15 लाख की लागत से रेलवे लाइन से भैया बाग तक बने पीसीसी पथ एवं 17 लाख की लागत से कुरुम में दुर्गा मंदिर प्रांगण का सुंदरीकरण का उदघाटन संयुक्त रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया,उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा नारियल फोड़ कर एंव फीता काटकर किया गया। मौके पर मनोज कुमार महतो ने बताया कि विगत कुछ दिन पूर्व लोगों ने इस जर्जर सड़क की जानकारी मिली। जिसे संज्ञान में लेकर तुरंत सड़क का निर्माण कराया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि कोठार में जर्जर अंबेडकर भवन को तोड़कर नया अंबेडकर भवन बनाया गया है।अब लोग भयमुक्त होकर इस भवन में बैठक कर सकेंगे। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, वार्ड पार्षद जयंती देवी, ललिता देवी, अरविंद महतो, भुनेश्वर महतो, संतोष मानकी, नरेश महतो, सुरेश महतो, पवन सिंह, अशोक सिंह, अजय दास, धर्मवीर राम, मुकेश महतो, फूलचंद महतो, कल्लू राम, मुकेश, सज्जाद अंसारी आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)** । रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा व डिवाइन ओंकार अस्पताल रामगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को पीटीपीएस स्थित गुरुद्वारा में किया गया। जिसमें 63 मरीजों की आंख जांच की गई। इसमें 12 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। उनका टायर मोड़ स्थित , ओंकार आई हॉस्पिटल रामगढ़ में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पतरातु गुरुद्वारा के प्रधान रंजीत सिंह , एन के भल्ला,अजीत सिंह,राजेंद्र चावला,बॉबी चावला,कावलजीत सिंह, विजय लक्ष्मी, डिवाइन ओंकार मिशन के डॉक्टर इफ्तेखार आलम, राजेश नेगी ,रोटरी क्लब के अध्यक्ष राम अवतार प्रसाद, परमजीत सिंह धामी,अजय गोयल,विजय कुमार का सराहनीय योगदान रहा ।

## नव प्राथमिक विद्यालय बलकुदरा में चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सांप्रदायिक सद्भाव के लिए राष्ट्रीय प्रतिष्ठान (एनएफसीएच) हर साल 19 से 25 नवंबर तक सांप्रदायिक सद्भाव अभियान का आयोजन करता है। यह समाज के विभिन्न वर्गों के बीच शांति, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इसी कड़ी में पीभीयूएन लिमिटेड के तत्वावधान में मंगलवार को नव प्राथमिक विद्यालय बलकुदरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा मन को विविधता में एकता के बारे में बताना था। कार्यक्रम में शीर्ष छह चित्रों को पुरस्कार से नवाजा गया। साथ सफल छात्र-छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत करते हुए सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों की प्रशंसा करते हुए उनके प्रोत्साहन के लिए पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरकर सामने आती है। साथ ही बच्चों में नये ऊर्जा का भी संचार होता है। बताया गया कि उक्त कार्यक्रम पीवीयूएन के अभियान ह्यचलो स्कूल चलेह्न का हिस्सा था। इसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल वापस लाना, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना और स्कूल छोड़ने की दर को कम करना है।

## राष्ट्रीय कवि संगम रामगढ़ जिला इकाई की मासिक गोष्ठी संपन्न




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कवि संगम रामगढ़ जिला इकाई की मासिक गोष्ठी का आयोजन समाजसेवी विकास झा और राष्ट्रीय कवि संगम की समर्पित अधिकारी प्राची झा के आवास पर आयोजित हुई। सर्वप्रथम मां शारदे की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद नन्ही परी प्रसिद्धि झा ने मां की वंदना की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय महामंत्री सरोज झा और प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश नाजुक की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में आदर्श कॉलोनी के सभी साहित्य प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कवियों ने अपने काव्य पाठ व रचनाओं से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इससे पूर्व वरिष्ठ साहित्यप्रेमी सदानंद गोस्वामी ने प्रांतीय महामंत्री सरोज झा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं अमरेंद्र झा ने राकेश नाजुक को आशीष के साथ-साथ भरपूर सम्मान दिया। काव्य पाठ करने वालों में अवध प्रसाद, सीताराम प्रसाद, अनिल सिन्हा, मीनू झा, संदीप पाठक, आदित्य ठाकुर, रजनी गुप्ता, शौर्य प्रतीक किशन आदि शामिल थें। धन्यवाद ज्ञापन विकाश झा ने किया। मौके पर एकके राय, रूपेश सिंह, ज्योति सिन्हा, अवधेश सिन्हा, राकेश सिंह, अरविंद सिंह, संजय मिश्रा आदि साहित्य प्रेमी मौजूद थें।

## अभिभावकों को शिक्षा स्तर में सुधार के लिये चलाया गया संपर्क अभियान



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** शैक्षणिक स्तर में सुधार की उद्देश्य से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाडिलौंग के शिक्षकों द्वारा गांव में जाकर ग्रामीणों से संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करने का सराहनीय कार्यक्रम चलाया गया। जिसका नेतृत्व विद्यालय का प्रधानाध्यापक जगदीश राम ने किया।इस क्रम में वैसे अभिभावकों से विशेष संपर्क कर बच्चों को प्रतिदिन समय पर विद्यालय भेजने का अनुरोध किया गया। बच्चे प्रतिदिन विद्यालय नहीं आ रहे थे,उनके अभिभावकों में प्रकाश भुइयां,रामअवतार भुइयां,संतोष कुमार राम, आमना खातून, रामेश्वर यादव,कुलदीप यादव, राजेंद्र भुइया, खेमलाल बराई, आदि लोगो से मिलकर विद्यालय जाने का अपील किया।वहीं ग्रामीण ने अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का वादा किया। इस विषय पर प्रधानाअध्यापक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बच्चों की उपस्थिति के कारण शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक शिक्षा में गिरावट का एक बड़ा कारण है।मौके पर शिक्षक राजेश राम, चंदन दास आदि लोग उपस्थित थे।

# दो महिला समूहों से 13.86 लाख की ठगी

**दोनों महिला समूहों ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर कसीरा रकमसेरा गांव निवासी यूथ इको रेविल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी विजय साहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मसाला और वाशिंग पाउडर उद्योग लगाने के नाम पर दो महिला समूह डुमरडीह आजीविका महिला समूह सकरपुर गम्हरिया व क्रांति ग्राम संगठन को पहले ऋण दिलाया गया और फिर उन्हें ही ठग लिया गया। मामला सदर थाना क्षेत्र के सकरपुर व गमहरिया गांव से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि यूथ इको रेविल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी रकमसेरा ढिढौली निवासी विजय साहू ने दो महिला समूह से 13 लाख 86 हजार रुपये ठगी की है। दोनों महिला समूह ने गुमला थाना में लिखित आवेदन सौंपकर कसीरा रकमसेरा गांव निवासी विजय साहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### केस नंबर 1, आजीविका महिला समूह डुमरडीह से ठगे 6 लाख 60 हजार रुपये

डुमरडीह आजीविका महिला समूह के सदस्यों ने कहा कि यूथ इको रेविल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी विजय साहू ने उनके गांव आकर वाशिंग पाउडर उद्योग व्यवसाय संचालन के नाम पर एक एग्रीमेंट तैयार करवाया। जिसमें यह दर्ज करवाया गया कि व्यवसाय शुरू करने के लिए 15 लाख रुपये लागत है। जिसमें से डुमरडीह आजीविका महिला समूह द्वारा छह लाख व यूथ इको प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कुल नौ लाख खर्च करने पर सहमति बनी। इसके बाद समूह के कुल 30 सदस्यों को कंपनी द्वारा ऋण स्वीकृत करवा कर सभी सदस्यों से 22 हजार रुपये प्रति सदस्य के हिसाब से कुल 6 लाख 60 हजार रुपये कंपनी कर्मी विजय साहू द्वारा नगद ले लिया गया। इसके बाद विजय ने आश्वासन दिया कि दो महीने के अंत तक काम शुरू हो जायेगा। परंतु वर्तमान में कंपनी के कर्मी से बार बार संपर्क करने पर उससे संपर्क नहीं हो रहा है, और समूह के सभी सदस्यों को ऋण चुकाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### केस नंबर 2, क्रांति ग्राम संगठन से कर ली 7 लाख 26 हजार रुपये की ठगी

क्रांति ग्राम संगठन के सदस्य सुमति देवी ने कहा है कि उनकी महिला मंडल की बैठक हर शुक्रवार को होती है। इसी निमित कसीरा गांव निवासी विजय कुमार साहू 5 जून को आया और उन लोगों के महिला मंडल को मसाला उद्योग लगाने के बारे में समझाने लगा तथा मसाला उद्योग लगाने से प्रत्येक माह 9 हजार रुपये कमाई होने की बात बतायी। उसने बताया कि समूह की प्रत्येक महिला को महीने में तीन दिन ही काम करना होगा। साथ ही महिला मंडल में कुल 40 महिला समूह बनाने की बातें कहीं। उसके प्रलोभन से समूह के सदस्य राजी हो गये। साथ ही 40 महिला समूह का गठन किया। उसके तीन दिन बाद एचडीएफसी बैंक गुमला के उमेश कुमार महतो नामक व्यक्ति को लेकर आया और समझाया। उन्होंने कहा कि हमलोग खेती बारी करते हैं और हमलोगों को खेती बारी करने के लिए लोन पर रुपया चाहिए। जिसके बाद हमलोगों से आधार कार्ड, पैन कार्ड लेकर 25 हजार रुपये लोन दिया गया। लेकिन प्रत्येक महिला से 22 हजार रुपये मिलाकर कुल 33 महिलाओं ने विजय कुमार साहू को भुगतान कर दिया। समूह द्वारा विजय कुमार साहू को 7 लाख 26 हजार रुपये का नगद भुगतान किया गया। उसने पैसा लेने के बाद कहा कि तीन महीने के अंदर मसाला उद्योग लग जायेगा तथा बाकी रुपया मसाला उद्योग लगने के बाद कमा-कमा कर लोन को चुकता करना होगा। हमलोगों से रुपया लेने के बाद विजय साहू द्वारा कोई संपर्क नहीं किया गया और न ही मसाला उद्योग लगाया गया।

## पुलिस जल्द ही इस मामले का उद्भेदन करेगी : थाना प्रभारी

**अब ग्रामीणों को ठगे जाने का एहसास हो रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि महिलाओं ने वाशिंग पाउडर व मसाला उद्योग लगाने के नाम पर दो महिला समूह ने 13 लाख 86 हजार ठगी करने की शिकायत मिली है। पुलिस ने दोनों महिला समूह से आवेदन ले लिया है। साथ ही इसकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस जल्द ही इस मामले का उद्भेदन करेगी।**

## आरसी मवि में विद्यार्थियों से मजदूरी का काम कराये जाने की शिकायत की सीओ ने की जांच



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के आरसी मध्य विद्यालय मालम नवाटोली के शिक्षकों द्वारा विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे छात्र-छात्राओं से मजदूरी का काम कराये जाने संबंधित समाचार पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दे दिये हैं। उपायुक्त के निर्देश पर चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार मंगलवार को आरसी मध्य विद्यालय मालम पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर रोबिन कुजूर से स्पष्टीकरण की मांग की है। अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच टीम का भी गठन किया गया है। जांच उपरांत उसे शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट उपायुक्त को भेज दी गयी है। ज्ञातव्य हो कि आरसी मध्य विद्यालय मालम नवाटोली में सोमवार को छात्र-छात्राओं से विद्यालय प्रबंधक के द्वारा मजदूरी का कार्य कराया जा रहा था। शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे छात्र-छात्राओं से ईंट, बालू, मिट्टी की धुलाई करवायी जा रही थी।

## संत पीटर स्कूल टोंगो के खेल मैदान में सीआरपीएफ कैंप पर हेलीपैड ग्राउंड लोकेशन का किया गया ट्रायल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर अनुमंडल के संत पीटर स्कूल टोंगो के खेल मैदान में सीआरपीएफ कैंप पर हेलीपैड ग्राउंड लोकेशन का ट्रायल किया गया। जिसमें सीआरपीएफ कमांडेंट एमके चौरसिया ने बताया कि स्कूल के ग्राउंड को हेलीपैड बनाया गया है, जो क्षेत्र का पहला हेलीपैड है। बताया गया कि यह हेलीपैड किसी भी आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए बनाया गया है। संत पीटर स्कूल टोंगो के बाद हेलीकॉप्टर परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर स्टेडियम पर भी ट्रायल किया गया। वहीं ट्रायल के दौरान स्थानीय पुलिस भी ट्रायल क्षेत्र की सुरक्षा में लगी हुई थी। वहीं स्कूल के छात्र-छात्राएं भी हेलीकॉप्टर देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। मौके पर 26 बटालियन के सीआरपीएफ कमांडेंट एमके चौरसिया सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एसआई मदन शर्मा मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गुमला जन आक्रोश रैली में हुए शामिल

**कहा- वर्तमान झारखंड की सरकार में खनिज भंडारों की लूट मची है, जनता को केवल ठगने का काम किया जा रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भाजपा की जिला कमेटी ने मंगलवार को आक्रोश रैली निकाली। साथ ही राज्य सरकार व जिले में भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद सुदर्शन भगत, प्रदेश भाजपा नेता प्रवीण सिंह, विनय लाल, जिप अध्यक्ष किरण माला, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव सहित भाजपा के कई बड़े हस्तियों ने शिरकत की।

मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी ने कहा कि पालकोट रोड स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल के सामने मैदान से हेमंत सरकार के विरुद्ध आक्रोश रैली में भाजपा नेताओं का जुटान हुआ।

इसके बाद भाजपा जिला कमेटी के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई जो पालकोट रोड से टावर चौक, मेन रोड, पटेल चौक, जशपुर रोड होते हुए गुमला कचहरी हजारों कार्यकर्ता के साथ हड़ताली वृक्ष के समीप पहुंच जनसभा में परिणत हो गयी।

जहां पर जिला अध्यक्ष अनूप अधिकारी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा झारखंड में असीमित खनिजों के भंडार को लूटने का काम किया गया, जंगल हो या बालू वर्तमान झारखंड की हेमंत सरकार में लूट मची है, केवल दोहन हो रहा है। यहां की जनता को केवल ठगने का काम किया जा रहा है।

वहीं मौजूद अन्य नेताओं ने भी संबोधन कर इस सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

इस दौरान जिले के सभी पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक के जिला परिषद ,सदस्य मुखिया, वार्ड पार्षद सहित अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# जिला प्रशासन करा रहा है कस्तूरबा गांधी की छात्राओं को फैशन डिजाइनर की तैयारी

**200 घंटे के फैशन डिजाइनिंग वोकेशनल कोर्स में 60 से अधिक छात्राएं हुई शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** किसी भी क्षेत्र का अगुआ अगर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने कुनबे के साथ चले तो उसका भविष्य निश्चित ही उज्ज्वल होगा। ठीक इसी प्रकार उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की पहल से जिले के घाघरा प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कौशल विकास और उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम चलाया जाना उपायुक्त की अच्छी सोच का नतीजा है। जिसके अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली बच्चियां अब फैशन डिजाइनिंग सीखेंगी। फैशन डिजाइनिंग का यह कोर्स 200 घंटे के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत चलाया जा रहा है। जिसमें इस विद्यालय की लगभग 60 से अधिक छात्राएं फैशन डिजाइनिंग सीख रही हैं।

भारत सरकार के 'संकल्प परियोजना' के तहत राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद अन्य विद्यालयों में भी इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की जाएगी।

## सड़क हादसे में एसएसबी के जवान की मौत

**मांडर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित चटवल मोड़ के निकट सोमवार की देर शाम में सड़क हादसे में एसएसबी के जवान 37 वर्षीय अवधेश मिंज की मौत हो गई। वहीं उसके साथ बाइक में सवार उसका साथी संजय कच्छप को भी गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार अवधेश दोस्त संजय के साथ बुढ़मू से वापस अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक की टक्कर सामने से आ रही एक अज्ञात कार से हो गई। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने दोनों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जवान को रिम्स रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह अवधेश मिंज की मौत हो गई।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जनजातीय गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केन्द्र ग्राम विकास आयाम झारखंड/बिहार के क्षेत्रीय ग्राम विकास प्रमुख राघव राणा ने किया। इस दौरान राघव राणा ने कार्यक्रम में आमंत्रित पहान-पुजार व मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के पहान-पुजार आज भी हमारी संस्कृति को बचाने और संरक्षित रखने का काम कर रहे हैं। इन्हीं के मार्ग पर चलकर हम सभी ग्राम वासियों को भी अपनी संस्कृति को बचाने पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके पूर्व बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया गया और और उनके गौरव गाथा पर विशेष जानकारी बच्चों के बीच दी गई। इधर छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय प्रधानाचार्य पारसनाथ नन्द, आचार्य फाल्गुनी सिंह, देवव्रत सिंह, जलेश्वर उरांव, जय प्रकाश सिंह, सहदेव सिंह, राजेश भगत, प्रवीण उरांव, कार्तिक उरांव, शशिलता नाथ, वसुंधरा मिंज, राजलक्ष्मी कुजूर, विभा देवी, संजिला एवं सेवक देवनाथ भगत, निकेस, नीलकेश्वर, मंदीप, सुमित, आशीष, राजेश, पवन, भरत, संगम, जीवन, अनुप, प्रिती, प्रियंका, नेहा, रोशनी, किरण, अश्रिता, ग्यानी, शोभा, प्रितम, मनित, लक्की, करूणा, पुष्पा एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### एग्री क्लिनिक बसिया ने टाना भगत व किसानों बीच किया चना बीज का वितरण

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एग्री क्लिनिक बसिया के द्वारा मंगलवार को प्रखंड परिसर बसिया में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने ममरला पंचायत के चिन्तामनकुरा गांव के 11 टाना भगत एवं सांसद आदर्श गांव सुकुरड़ा के 30 किसानों के बीच प्रभेद सी एसजे-515 चना बीज का वितरण किया। साथ ही लगाने की विधि, देखरेख एवं कीटनाशक दवा के बारे जानकारी दी। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिनेश पाहन, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रश्मि सूरीन, सहायक तकनीकी प्रबंधक कोमल कुमारी, अशोक महतो के अलावे नितिन कुमार, सुधेश्वरी लोहरा, कुश सिंह आदि उपस्थित थे।

### बसिया प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को संत जोसेफ मैदान कोनबीर नवाटोली में आयोजित किया गया। मौके पर 100 मीटर रेस, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर बालक और बालिका दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावे रिले रेस, भाला फेंक, गोला फेंक, मेंढ़क रेस, बिस्कुट रेस, फुटबॉल एवं हॉकी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीईईओ बिनीता केरकेट्टा, बीपीओ अनुपम कुमार, रामकुमार साहू, संतोष बीसी, बिरेन साहू, कृष्णा साहू, प्रकाश कुमार राम, प्रवीण रोशन तिर्की, सरिता कुमारी, अरुण कुमार, तारकेश्वर, हरिहर, तीजेंद्र यादव, शशि साहू, संजय साहू, दिनेश मिश्रा, आशिष दास, अनूप कुमार पांडेय, राम किशोर ओहदार आदि की मुख्य भूमिका रही।

### प्रदान संस्था ने लोहड़ी ग्राम में किसानों को दिया आम बागवानी का प्रशिक्षण

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रदान संस्था के तत्वावधान में पोकटा पंचायत के ग्राम लोहड़ी में आम बागवानी के किसानों के बीच प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक जॉर्ज सुरीन के द्वारा दिया गया। जिसमें आम बागवानी की साफ-सफाई एवं देखरेख, एक पौधा में कितना खाद डालना है, कीटनाशक का प्रयोग कैसे करें एवं बिटामिन का उपयोग कब कब करें। साथ ही ब्लू कॉपर एवं चूना के द्वारा तना में रंगाई करने की जानकारी दी गयी। इस प्रशिक्षण में प्रदान के सूरज साहू, नेलशन टोपनो, सुलेखा कुमारी, राजू राम, तारा उरांव, तारामुनि कच्छप, सरोजनी उरांव, घूरन उरांव, चीनी उरांव के साथ अनेकों किसान उपस्थित थे।

**बैठक : पलमा-गुमला सड़क को लेकर उपायुक्त नजर आ रहे हैं गंभीर, पथ प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक, पूछा**

# क्या 31 मार्च 2023 तक तैयार हो जायेगी पलमा-गुमला एनएच 23 सड़क



## जिस दिलचस्पी से उपायुक्त एनएच 23 का काम कराना चाहते हैं, अगर ईमानदारी से काम हो तो शायद 31 मार्च 2023 इस सड़क का उद्घाटन दिवस घोषित हो जाये

**अब उपायुक्त तो उपायुक्त हैं पता नहीं कब समीक्षा बैठक हो जाये और उपायुक्त एसडीओ से कार्य प्रगति की मासिक सूची तलब कर बैठें। इसलिए संवेदक को युद्ध स्तर पर काम करना होगा और अनुमंडल पदाधिकारी लगातार निरीक्षण करते हुए प्रत्येक माह कार्य प्रगति की समीक्षा तक रिपोर्ट भी तैयार करते रहेंगे। जिस दिलचस्पी से उपायुक्त सुशांत गौरव एनएच 23 का काम कराना चाहते हैं, अगर संवेदक से लेकर इस निर्माण कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारी इतनी ईमानदारी से काम करें तो शायद 31 मार्च 2023 इस सड़क का उद्घाटन दिवस घोषित हो जाये।**

आफताब अंजुम

**उपायुक्त ने एसडीओ को प्लानिंग के तहत कार्य पूर्ण करवाने के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करने व प्रत्येक माह के कार्य प्रगति की सूची बनाते हुए कार्य को समय पर पूर्ण कराने के दिये निर्देश**

**गुमला।** क्या वित्तीय वर्ष के अंत तक यानी 31 मार्च 2023 तक पलमा से गुमला तक बन रहे नेशनल हाईवे 23 का काम पूर्ण हो जाएगा? गुमला वासी तो सोच रहे हैं पिछले 20 वर्षों से एक बाईपास सड़क जिसकी लंबाई मुश्किल से 10 से 12 किलोमीटर है वह अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है तो क्या यह उम्मीद की जाए की महज 6 से 8 महीनों के अंदर इतनी लंबी चौड़ी सड़क तैयार हो जाएगी। लेकिन कार्य की प्रगति को देखते हुए ऐसा महसूस जरूर होता है कि जल्द ही पलमा गुमला सड़क पूर्ण होकर धरातल पर दिखाई देने लगेगी। मामला तो यह है कि पलमा-गुमला सड़क को लेकर उपायुक्त सुशांत गौरव बड़े गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने सड़क को लेकर मंगलवार को पथ प्रमंडल की समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से एसडीओ सदर एवं पीडी एनएचएआई भी शामिल थे।

उपायुक्त ने तो स्पष्ट निर्देश भी दिया कि कार्य युद्ध स्तर पर करते हुए 31 मार्च 2023 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

मजे की बात तो यह भी है कि इस समीक्षात्मक बैठक में उपायुक्त ने निर्माण कार्य का रोस्टर भी तैयार कर दिया है।

उन्होंने 25 दिसंबर से पूर्व तक फाउंडेशन का कार्य पूर्ण करने की बात कही है और 28 दिसंबर से हाईवे का कार्य प्रारंभ कर लेने का निर्देश दिया। और कार्य प्रगति की निगरानी का जिम्मा देते हुए इस प्रोजेक्ट का नोडल पदाधिकारी एसडीओ गुमला को नियुक्त कर दिया।

उपायुक्त ने एसडीओ से कहा कि प्लानिंग के तहत कार्य पूर्ण करवाने हेतु नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें। और ये भी जिम्मेदारी दी कि प्रत्येक माह के कार्य प्रगति की सूची बनाते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य को समय पर पूर्ण करायें।

# प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने स्वयंसेवकों के बीच किया फर्स्ट एड कोर्स प्रमाण पत्र का वितरण

**स्वयंसेवक ईमानदारी पूर्वक कर्त्तव्य का निर्वहन करें : कौशल किशोर एक्का**

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन गुमला के बैनर तले प्रखंड क्षेत्र के चपका पंचायत सचिवालय में मंगलवार को फर्स्ट एड कोर्स प्रमाण पत्र का वितरण स्वयंसेवकों के बीच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कौशल एक्का, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी अमित चौधरी व मुखिया अंगना उरांव शामिल हुए। प्रशिक्षण प्राप्त स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कौशल किशोर एक्का ने कहा कि आपने जो प्रशिक्षण में सीखा है इसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

वहीं मौजूद थाना प्रभारी अमित चौधरी ने कहा कि स्वयंसेवक पुलिस प्रशासन एवं पब्लिक के बीच सही जानकारियों को लेकर गांव समाज को जागरूक करने का काम करें। वहीं मौजूद संस्था के टीम लीडर सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि प्रथम टीम शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर समुदाय को जागरूक करने का कार्य कर रही है व इस कोर्स के माध्यम से प्रत्येक गांव, समुदाय या परिवार में आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देने वाले कुशल व्यक्ति तैयार करना इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखते हैं तो सबसे पहले आप उन्हें हॉस्पिटल पहुंचायें। जिसके लिए पुलिस प्रशासन आपको कहीं परेशान नहीं करेगा। बल्कि प्रशासन आपको सरकार की योजना के तहत 5000 तक की प्रोत्साहन राशि दे सकता है।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन चिपका पंचायत के पूर्व मुखिया भरी उड़ान ने किया। मौके पर मुख्य रूप से मौजूद लोगों में गोविंद चौधरी, अभिषेक कुमार, कदमअली गगराई, पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी, वार्ड सदस्य सहित स्वयंसेवक और कई लोग मौजूद थे।

